ब्रेकिंग न्यूज...

सुरक्षाबलों के अभियान में दो आतंकवादी मारे गए

एजेंसी न्यूज. ढाका

बंगलादेश की राजधानी ढाका के बोसिला इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों के एक अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गये। सेना के प्रवक्ता ने मुफ्ती महमुद खान ने यहां पत्रकारों को बताया कि बंगलादेश रैपिड एक्शन बटालियन के जवानों ने आतंकवादियों के छुपने की खुफिया सूचना पर तड़के बोसिला क्षेत्र के एक मकान की घेराबंदी कर ली। खान ने कहा कि आरएबी के जवानों की घेराबंदी के बाद टिन की छत वाले मकान के अंदर कई भीषण विस्फोट हुये। विस्फोट के बाद छत उड़ गयी। विस्फोट के दौरान दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

नेब काम करेगा या पाकिस्तान की अर्थव्यवस्थाः जरदारी

एजेंसी न्यूज. इस्लामाबाद

पाकिस्तान में राष्ट्रीय जबावदेही ब्यूरो (नेब) को लेकर विपक्षी दल आमने-सामने हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमला तेज करते हुए कहा कि या तो नेब काम करेगा अथवा देश की अर्थव्यवस्था। फर्जी बैंक खाता मामले में सोमवार को नेब के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने नेब के समक्ष हाजिर होने से पहले मीडिया के सवालों के जवाब में कहा नेब और देश की अर्थव्यवस्था एक साथ मिलकर काम नहीं कर सकती हैं।

नई दिल्ली में विदाई समारोह के दौरान गार्ड ऑफ आनर का निरीक्षण करते उप प्रमुख एयरमार्शल अनिल खोसला।

श्रीलंका में बुर्का, हिजाब पर रोक

एजेंसी न्यूज. कोलंबो

श्रीलंका में राष्ट्रीय और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए देश में बुर्का और हिजाब पहनने पर रोक लगा दी गयी है। राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने सोमवार को कहा कि उन्होंने आपातकालीन अधिकारों के तहत यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका में हुए हमले के सप्ताह भर बाद यह फैसला लिया गया। फैसले में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए उसके चेहरे का दिखना जरुरी है। इससे पहले सरकार ने कहा था कि जब तक प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे की इस्लामिक मौलवियों के साथ बातचीत नहीं हो जाती तब तक इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया जा सकता , लेकिन राष्ट्रपति ने समाज में शांति स्थापित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया है। यह फैसला किसी भी प्रकार से किसी समुदाय विशेष को असुविधा पहुंचाने के लिए नहीं लिया गया है। पुलिस ने पिछले 24 घंटों में देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 48 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में से दो वांछित भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने रविवार को दो आतंकी समूह नेशनल तवहिद जमात (एनटीजे) और जमात-ए मिलातू इब्राहिम पर प्रतिबंध लगाया था।

विडियो जारी कर बोला श्रीलंका से लिया अपने भाइयों का बदला

आतंकवादी समूह आईएस से संबंध सशस्त्र समूह ने अबू बकर अल बगदादी के जिंदा होने का का दावा करते हुए एक वीडियो जारी किया है। जुलाई 2014 में उत्तरी इराक के मोसुल में अल-नूरी मस्जिद उपस्थिति के बाद उसका यह दूसरा वीडियो है।

एजेंसी न्यूज. दमिश्क

अल-जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार 18 मिनट के इस विडियों में क्रास के निशान वाले गलीचे पर बैठे हुये वह तीन लोगों को सम्बोधित करते हुए दिख रहा है। वह काले रंग लबादा पहने हुए है। यह विडियों काफी धुंधला है। इस्लामिक स्टेट के फुरकान चैनल द्वारा जारी किए गए वीडियो में बगदादी पूर्वी सीरिया में आईएस के अंतिम बघौज गढ़ की लड़ाई का उल्लेख करते हुए दिखाया गया है। एसआईटीई इंटेलिजेंस ग्रुप ने कहा कि उसने हाल ही में श्रीलंका में हुए बम विस्फोटों पर भी बात करते हुए दिखाया गया है। उसने श्रीलंका में हुए आत्मघाती विस्फोटों को बघौज में अपने भाइयों का बदला बताया। बता दें कि ईस्टर संडे पर श्रीलंका में हुए आत्मघाती हमलों में 250 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

आपको बता दें कि 2015 की शुरूआत के बाद से ही बगदादी को सार्वजनिक तौर पर नहीं देखा गया था। एक समय बगदादी के संगठन आईएसआईएस का कब्जा पूरे सीरिया पर था। लेकिन बाद में अमेरिका ने सीरिया में आईएस के कई ठिकानों को तबाह कर दिया था। इसके बाद कहा जा रहा था कि बगदादी भी इन हमलों में मर चुका है। लेकिन एक बार फिर बगदादी का नया वीडियो सामने आने से वैश्विक जगत में चिंता होना स्वाभाविक है। पिछले साल अगस्त के दौरान बगदादी ने एक नया ऑडियो जारी कर दुनिया में सनसनी फैला दी थी।

मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप बरकरार

मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक के खिलाफ चल रहे मुकदमे के सोमवार को तीसरे हफ्ते में प्रवेश करने के बाद भी नजीब अपने खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के सात आरोपों को खारिज करा पाने में विफल रहे।

एजेंसी न्यूज. अुआलालाम्पुर

तीन अप्रैल से शुरू हुए मुकदमे की शुरुआत में नजीब ने उनके खिलाफ लगे आपराधिक विश्वासघात, सत्ता के दुरुपयोग और धन शोधन के आरोपों को इस आधार पर चुनौती दी थी कि इनमें स्पष्टता का आभाव है और अपने बचाव में की जाने वाली उनकी तैयारी को बाधित किया है। न्यायाधीश मोहम्मद नजलान ने सोमवार को फैसला दिया कि नजीब के साथ कोई पक्षपात नहीं हुआ है क्योंकि उनके वकीलों ने गवाही दे चुके 21 प्रत्यक्षदर्शियों से सवाल-जवाब किया है।

न्यायाधीश ने कहा कि आरोप बरकरार रहेंगे। यह मुकदमा नजीब के खिलाफ दर्ज कई मामलों में से पहला है। देश की सबसे बड़ी आपराधिक कार्यवाहियों में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के 42 आरोप हैं। शुरुआती सात आरोप नजीब के बैंक खातों में एसआरसी इंटरनेशनल से 1.02 करोड़ डॉलर के संदिग्ध लेन-देन से जुड़े हुए हैं।

क्या कहते हैं आपके सितारे

मेष :- अपने अटके हुए उधार को वसूल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। हो सकता है वह आपको देखकर कुछ लज्जित भी या फिर बहानेबाजी भी करे लेकिन अड़ियल रवैया अपनाकर ही आप लाभान्वित हो सकते हैं।

वृष :- आप अपने बचाव श्रृंगार या फैशन के अनुरूप अपने को सजाने संवारने की हसरत ही नहीं बल्कि अन्यत्र इच्छाओं को भी पूरा कर सकते हैं। अत : सभी बातों को ध्यान में रखकर और प्रोग्राम के अनुसार सांयकाल के समय किसी मित्र या प्रेमीजन का संसर्ग भी कर सकते हैं।

मिथुन :- आज हो सकता है घर की जरूरत के मुताबिक खाने - पीने का आइटम भी शॉपिंग कॉम्पलेक्स से मंगाना पड़े या फिर कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए कि आपकी व्यवस्था काम का बोझ भी हल्का कर दे।

कर्क :- आप परंपराओं और अंधविश्वासों के घोर विरोधी हो सकते हैं। आपको समय सुरक्षित रखना होगा। परन्तु यह भी ध्यान रखें आपके पीछे कुछ लोग अपने एक दम एकान्त और निजी क्षणों की चाहत रखते हैं।

सिंह :- हो सकता है कि किसी आफिशल संगोष्ठी में आपकी उपस्थिति आवश्यक हो या फिर किसी मित्र का हाल - चाल पूछने का अवसर मिल जाए। आपको मनोरंजन का इरादा भी बदलना पड़ सकता है।

कन्या :- आज आप कुछ ऐसे अनुबंध कर सकते हैं जो कि लम्बे समय तक आपके कारोबार या व्यापार का हिस्सा रहेगा। फिर मौज बाहर की भी इच्छा को भी तो अपने जीवन के दायरे में शामिल करना चाहि ।

तुला :- जीवन में चाहे कितना भी शोर - शराबा हो जाए या फिर लोगों के साथ मिलजुल कर किसी उत्सव पार्टी का आयोजन हो रहा हो , आप अपने व्यापार के झंझटों से बाहर नहीं निकल पाते हैं। आप अपने काम धंधे से बंध नहीं पायेंगे।

वृश्चिक :- आज सांयकाल तक ऐसी ही किसी समस्या का हल निकल आयेगा इस जददोजहद में आपके शुभचिन्तक या विपरीत योनि के मित्र ज्यादा सहायक हो सकते हैं। फिलहाल ऐसे प्रस्ताव को मंजूर कर लेने में कोई हानि तो नहीं है।

धनु :- आपका सारा जीवन अच्छा रहन सहन और खाने पीने की चाहत में व्यतीत हुआ है यही कारण है कि आप सदैव खुश नजर आते हैं। आपके कार्य व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलने के आसार हैं ।

मकर :- अपने वर्तमान संकट से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति आपको अपनानी होगी । यदि आप अपने वाहन के मालिक हैं तो यह बेहतर होगा कि उसका रखरखाव एक दिन पहले ही कर लें ताकि बीच रास्ते में कोई रुकावट न आ पाए।

कुंभ :- हमेशा की तरह यह समय भी आपके लिए काफी व्यस्तता से भरा होगा यदि आप किसी परीक्षा या कॉम्पिटिशन की तैयारी में हैं तो आज के दिन आपके लिए अपना सिलेबस तैयार करने के लिए तय है।

मीन :- हमेशा आराम और घर के छोटे मोटे मसले निपटाने के लिए सुरक्षित रहता है । हो सकता है आपका व्यक्तित्व अन्य लोगों से कुछ अलग किस्म का नजर आये परन्तु आपने कोई ऐसी हरकत नहीं करनी है जिसे लोगों के गॉसिप का विषय बनाया जाए।

नाइजीरिया में बंदूकधारी ने दो विदेशी कर्मचारियों का किया अपरहण

नाइजारिया में नाइगर डेल्टा पेट्रोलियम रिर्सोसेस (एनडीपीआर) तेल कंपनी के दो विदेशी कर्मचारियों का बंदूकधारियों के एक समूह ने अपरहण कर लिया।

एजेंसी न्यूज. मास्को

ऑपरेशन डेल्टा सुरक्षा के प्रमुख इब्राहिम अबुबकार ने यह जानकारी दी। श्री अबुबकार ने कहा, कुछ बंदूकधारियों ने 27 अप्रैल को सुबह आठ बजे एनडीपीआर में घुसकर हमला कर दिया और दो कर्मचारियों का अपरहण कर लिया। हमें जैसे ही घटना की जानकारी मिली हमने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन वहां कोई नहीं था और हम अपराधियों को नहीं पकड़ पाए। पीड़ितों को बचाने और आरोपियों को पकड़ने की कोशिशें जारी है लेकिन हम एनडीपीआर के प्रबंधन को सलाह देना चाहते हैं कि वे अपने ऑपरेशन के लिए जरुरी सुरक्षा मुहैया कराएं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नाइजीरिया के नागरिक एनडीपीआर के एक और कर्मचारी का अपरहण हुआ है। बंदूकधारी किस समूह से थे इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। यह राज्य नाइजीरिया के दक्षिण भाग में स्थित है जो इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों के प्रति निष्ठा रखने वाले बोको हराम आतंकवादी समूह के चपेट से बाहर है।

भारतीयों को कतर में फर्जी भर्ती एजेंटों को लेकर चेतावनी

दोहा। दोहा में स्थित भारतीय दूतावास ने नौकरी की तलाश कर रहे भारतीयों को कतर में मौजूद फर्जी भर्ती एजेंटों को लेकर चेतावनी दी है। मीडिया ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। दूतावास ने ट्विटर पर रविवार को एक पोस्ट में कहा, कृप्या किसी भी ऐसे एजेंट पर भरोसा ना करें जो आपको कतर में व्यापार या यात्री वीजा पर नौकरी दिलाने का वादा करता है। खलीज टाइम्स ने ट्वीट के हवाले से लिखा है, हमेशा एजेंट की कतर आईडी की एक प्रति मांगें और इसे सावधानी से रखें, ताकि दूतावास आपको किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में बेहतर तरीके से मदद कर सके। आकड़ों के अनुसार, कतर में भारतीयों की संख्या साल 2017 में 650,000 थी।

इंडोनेशिया में बाढ़, भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 31 हुई

इंडोनेशिया के बेंगकुलु प्रांत और राजधानी जकार्ता में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 31 हो गई है जबकि 13 लापता लोगों की तलाश की जारी है। आपदा एजेंसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एजेंसी न्यूज. जकार्ता

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, शुक्रवार को प्रांत में भूस्खलन हुआ और बाढ़ आई। हालांकि, पानी कम हुआ है लेकिन आपदा एजेंसी के अधिकारियों ने लोगों को आगाह किया है क्योंकि और मूसलाधार बारिश होने की आशंका है। 12,000 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कुल 184 घर, सात शैक्षणिक संस्थान और 40 अन्य बुनियादी ढांचा सुविधाएं, जिनमें सड़क, पुल, वॉटर चैनल और फैसिलिटीज शामिल हैं वे नष्ट हो गए।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता सुतोपो पुरवो नुग्रोहो ने कहा कि आपदा ने बुनियादी परिवहन ढांचे को भी नुकसान पहुंचाया है और बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है जिसके चलते प्रभावित क्षेत्रों में संचार और सहायता वितरण में रुकावट आई है।

दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान शुरू करेगी विमान बंगलादेश

एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली

बंगलादेश की निजी विमान सेवा कंपनी बिमान बंगलादेश एयरलाइंस 13 मई से दिल्ली और ढाका के बीच सीधी उड़ानें दोबारा शुरू करेगी। भारत की निजी विमान सेवा कंपनी जेट एयरवेज के वित्तीय संकट के कारण सेवाएँ बंद करने की वजह से दोनों देशों की राजधानियों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं रह गयी थी। पाँच साल पहले इस मार्ग पर सेवा बंद कर चुकी बिमान बंगलादेश ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आरंभ में यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन सोमवार, गुरुवार और शनिवार को होगी। उड़ान संख्या बीजी-098 भारतीय समयानुसार शाम 6.20 बजे दिल्ली से रवाना होकर स्थानीय समयानुसार रात 9.20 बजे ढाका पहुँचेगी। वापसी की उड़ान अगले दिन दोपहर बाद तीन बजे ढाका से रवाना होगी। इस मार्ग पर एयरलाइन बोइंग 737-800 विमान का परिचालन करेगी जिसमें बिजनेस श्रेणी में 12 और इकोनॉमी श्रेणी में 150 सीटें होंगी। कंपनी ने बताया कि आरंभ में यात्रियों को आधार किराये में 15 प्रतिशत की छूट का ऑफर दिया जायेगा। यह ऑफर 30 मई तक होगा।

■ नई दिल्ली में धूप के थपेड़ों से अपने चेहरों को बचाने के लिए कपड़े से ढकते पदयात्रीगण।

शब्द सामर्थ्य -49

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 48 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू- दोकू क्र. 49

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.48 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

— लोन —

लोन लेने के लिए इनकम टैक्स फाइल बनवाएं

मात्र 500/-

टिन नं. सर्विस टैक्स नं. प्रोजेक्ट रिपोर्ट, डिजिअल सिंगनेचर एवं TDS रिफंड हेतु संकर्प करें।

शेखर गुप्ता

मो. नं. - 93007-55544
94251-65464
www.onlytds.com

बस्तर इम्पेक्ट

सस्ता विज्ञापन और बेहतर व्यवसाय. अपने व्यवसाय का विस्तार करें.

आज ही बुकिंग कराएं
पांच गुणा एक कॉलम बाक्स
प्रतिमाह 500/- रु. मात्र

संपर्क करें -

विज्ञापन प्रबंधक
दैनिक बस्तर इम्पेक्ट
फोन : 252528 फैक्स : 252111